माँ के माथे सिंधुरवा लाल

माँ के माथे सिंधुरवा लाल ओ मैया मेरी प्यारी लागे,
प्यारी लागे है मैया प्यारे लागे है,
और मांग में तारे हजार ओ मैया मेरी प्यारी लागे,
माँ के माथे सिंधुरवा लाल

चंदा से मुख पे काली काली अखियां,
काली काली अखियां हां काली काली अखियां,
और माथे पे बिंदियां लाल मैया मेरी प्यारी लागे,
माँ के माथे सिंधुरवा लाल

गोर से हाथो में लाल लाल चूड़ियां,
लाल लाल चूड़ियां हां लाल लाल चूड़ियां,
और हाथो में मेहँदी लाल,मैया मेरी प्यारी लागे,
माँ के माथे सिंधुरवा लाल

कानो में झिलमिल हीरो के कुण्डल,
हीरो के कुण्डल हां हीरो के कुण्डल,
और नथनी में मोती लाल,मैया मेरी प्यारी लागे,
माँ के माथे सिंधुरवा लाल

मैया के पैरो पे छन छन पायल,
छन छन पायल छन छन पायल,
और चमके महावर लाल,मैया मेरी प्यारी लागे,
माँ के माथे सिंधुरवा लाल

मैया के अंग पे सितारों का लेहंगा,
और सिर पे चुनरियाँ लालमैया मेरी प्यारी लागे,
माँ के माथे सिंधुरवा लाल

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/13504/title/maa-ke-maathe-sindhurva-laal-maiya-meri-pyaari-laage

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |